ए॰ आई॰ के प्रभाव स्वरुप सामाजिक विभाजन व सांस्कृतिक असमानता

शिबा, सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग, श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़(राजस्थान)

सारांश

कृत्रिम बुद्धिमता (ए॰आई॰) का मानव के आर्थिक, सामाजिक, औद्योगिक वैयक्तिक जीवन पर अत्यंत प्रभाव पड़ा है। मानवीय निर्भरता को तकनीकी ने प्रभावित कर सामाजिक विभाजन कर दिया है। मानवीय निष्कृयता व बेरोजगारी बढ़ गई है। ए॰आई॰ के प्रयोग से विनिर्माण, स्वास्थ्य, सेवा, कृषि, उत्पादन व आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रचुरता से होने पर मानवीयता पर कृत्रिमता हावी हो रही है। कलाकृतियों के उत्तरोतर विकास के पीढ़ी दर पीढ़ी हास्तांतरित होने के कारण मानवीय संवेदनाओं का स्पर्श अनुभव होता है, तकनीकी ज्ञान और एल्गोरिदम की गणनाओं में इस ऊर्जा का ह्यास है।